# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वी जयंती पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का करेंगे उद्घाटन : प्रदेश भर में आयोजित होंगे, सांस्कृतिक कार्यक्रम।
2. उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन आज आगरा में सांसद खेल महोत्सव में हुये शामिल : कहा– खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा ही नहीं बल्कि अनुशासन, धैर्य और चरित्र निर्माण भी सिखाती है।
3. अनुपूरक बजट सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा के बाद प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र अनिश्चित काल के लिये स्थगित : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा जन–कल्याणकारी योजनाओं ने बदली प्रदेश की पहचान।

और

4. प्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के कारण जन–जीवन प्रभावित : मासम विभाग ने अधिकांश जिलों में अगले तीन दिनों के लिए घने कोहरे और शीतलहर का जारी किया ऑरेंज अलर्ट।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर  राष्ट्र प्ररणा स्थल का उद्घाटन करेंगे। 65 एकड क्षेत्रफल में विकसित किये गये राष्ट्र प्रेरणा स्थल परिसर में श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीन दयाल उपाध्याय की विशाल कांस्य प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान एक जनसभा को भी सम्बोधित करंगे। बाइट...

*कल आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे। हम सबको पूज्य अटल बिहारी वाजपेई जी की जो जन्म शताब्दी है, ऐसे अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, पूज्य श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी की प्रतिमाओं का आपको दर्शन प्राप्त होंगे। एक बड़ा पार्क बनाया गया है। भारत माता के जो सच्चे पुजारी थे, उनकी स्मृतियों को नमन करने के लिए एक बड़ा वहां पर कार्यक्रम का भी आयोजन होगा।*

राष्ट्र प्रेरणा स्थल को एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और राष्ट्रीय महत्व के प्रेरणा परिसर के रूप में विकसित किया गया है। एक रिपोर्ट....

*राष्ट्र प्रेरणा स्थल 65 एकड़ के विशाल क्षेत्र में लगभग 230 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। यह परिसर नेतृत्व मूल्यों, राष्ट्रीय सेवाए, सांस्कृतिक चेतना और जन प्रेरणा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में परिकिल्पित है। परिसर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं हैं, जो भारत के राजनीतिक चिंतन, राष्ट्र निर्माण और सार्वजनिक जीवन में उनके अमिट योगदान का प्रतीक हैं। इसमें कमल के आकार में बना एक संग्रहालय भी है, जो लगभग 98 हजार वर्ग फुट में फैला हुआ है। यह संग्रहालय उन्नत डिजिटल और*

*आकर्षक तकनीकों के माध्यम से भारत की राष्ट्रीय यात्रा और इन दूरदर्शी नेताओं के योगदान को प्रदर्शित करता है। आकाशवाणी समाचार से मुमताज अली।*

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर संस्कृति विभाग की ओर से कलाकारों द्वारा लखनऊ सहित अन्य जिलों में भव्य प्रस्तुतियां दी जायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस अवसर पर उन स्थानों को विशेष रूप से चुना गया है जहां अटल जी का जीवन, विचार और सार्वजनिक यात्रा जुड़ी रही है।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष इंतजाम किये गये हैं। हजारों की संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जिसमें 18 कंपनी पीएसी और चार कंपनी आर ए एफ शामिल हैं। इसके अलावा पूरा क्षेत्र सीसीटीवी की निगरानी में रहेगा।

———————

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णनन आगरा के एकलव्य स्पोर्टस स्टेडियम में चल रहे सांसद खेल महोत्सव में आज शामिल हुये। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि इससे अनुशासन, धैर्य और चरित्र निर्माण जैसे गुणों का विकास होता है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल महोत्सव इस को आगे बढ़ा रहा है। उपराष्ट्रपति ने इस दौरान स्टेडियम परिसर में पौधा लगाकर पर्यावरण सरक्षण का संदेश भी

दिया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री एस पी सिंह बघेल भी उपस्थित रहे। उधर सिद्धार्थनगर में चल रहे सांसद खेल महोत्सव में बड़ी संख्या में युवा हिस्सा ले रहे हैं। स्थानीय सांसद जगदम्बिका पाल ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा– बाइट...

*करीब 36,000 लड़के और लड़कियां इस खेल में भाग ले रही हैं और उन बच्चों को जो ग्रामीण प्रतिभाओं जिनको कहीं प्लेटफार्म नहीं मिलता था। इस सांसद खेल महोत्सव में उनको प्लेटफार्म मिल रहा है और इनमें इतनी संभावनाएं हैं कि भविष्य में यह न केवल जिले स्तर पर प्रदेश देश स्तर पर नाम करेंगे।*

———————

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के ज्ञान भारतम् मिशन तथा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के बीच देश की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण के लिए कल एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस समझौते का उददेश्य प्राचीन पांडुलिपियों तथा ज्ञान परंपरा का संरक्षण कर उन्हें आधुनिक तकनीक के माध्यम से सुरक्षित रखना है।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ  पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन आज जनप्रतिनिधियों ने अनुपूरक बजट पर चर्चा के साथ–साथ अलग–अलग मुद्दे सदन में उठाये, जिसका सत्तापक्ष ने जवाब दिया। सदन में नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने अपना पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में प्रदेश में पिछले नौ साल के कार्यकाल में किये गये विकास कार्यों के साथ भावी योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं से पूरे देश में प्रदेश की पहचान बदली है। श्री योगी ने कहा कि कानून व्यवस्था को मजबूत करके निवेश को बढ़ाकर सरकार ने ये साबित करके दिखाया है कि अगर दृ ढ़ इच्छा शक्ति हो तो परिवर्तन लाया जा सकता है। बाइट...

-

*हमारी सरकार नेउत्तर प्रदेश पर लगे हुए बीमारू के कलंक से हमने इसको यूपी को मुक्त किया है। आजयूपी बीमारू राज्य नहीं है। गत 5 वर्ष से रेवेन्यूसरप्लस स्टेट के रूप में आज यूपी मजबूती के साथ दमदारी के साथ आगे बढ़ रहा है।हमारे पास अलग–अलग सेक्टर की पॉलिसीज है। कोई भी निवेशक आएगा। उसके लिए लैंड बैंकहै। पॉलिसी के दायरे में आकर के निवेश कर रहा है और सरकार ने उसको यहां पर एक गुडगवर्नेंस का एक माहौल भी दिया है। बेहतरीन सुरक्षा का माहौल दिया है।*

नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय के विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जहां पर जो भी शिकायत मिलती है कठोर कार्रवाई की जाती है। इससे पूर्व प्रश्नकाल में अधिकांश मुद्दे बिजली और पर्यावरण पर केंद्रित रहे। सपा के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव के अघोषित बिजली कटौती को लेकर उठाये सवाल का जवाब देते हुए ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि पिछले नौ सालों में बिजली की आपूर्ति और उत्पादन में व्यापक सुधार हुआ है।

बढ़ते प्रदूषण को लेकर उठाये गये विपक्ष के सवाल का जवाब देते हुए पर्यावरण और वन मंत्री डॉक्टर अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम में सभी की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि इससे बचने के लिए लोगों को गाड़ियों का इस्तेमाल कम कर पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। विधानसभा में अन्य विधायी कार्य निपटाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा को अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दिया।

———————

उधर, विधान परिषद में समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने सरकारी नौकरी में हुई भर्तियों में आरक्षण के नियमों का पालन न किये जाने और भर्तियों में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। इस पर नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद

मौर्य ने कहा कि हमारी सरकार ने आरक्षण का पूरा पालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार में सभी भर्तिया बिना रिश्वत दिये प्रतिभा के आधार पर हुई हैं। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा के सदस्यों ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सदन से वॉकआउट किया। बाद में सभापति ने विधान परिषद की कार्यवाई को अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दिया।

——————

वर्ष 2016 में आकाशवाणी लखनऊ से बतार सरोद वादक सेवा निवृत्त हुए, वरिष्ठ संगीतज्ञ सुशीम मलिक का कल रात लखनऊ में हृदयाघात से निधन हो गया। आज दोपहर लखनऊ स्थित भैंसा कुंड में उनका अंतिम संस्कार किया गया। लगभग 70 वर्षीय स्वर्गीय मलिक, संगीत के मैहर घराने से जुड़े थे।

——————

प्रदेश भर में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से जन–जीवन प्रभावित हो रहा है। कोहरे का असर सड़क, रेल और हवाई यातायात पर पड़ रहा है। स्कूलों में पठन पाठन भी प्रभावित हुआ है। ठंड के कारण कई जिलों में आज भी शिक्षण संस्थान बंद  रह। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश जिलों में अगले तीन दिनों के लिये अत्यंत घने कोहरे और शीत लहर का अरेंज अलर्ट जारी किया है।

——————

क्रिसमस की पर्व पूर्व संध्या पर आज प्रदेश भर के गिरिजाघर रोशनी से जगमगा रहे हैं। ईसाई धर्म के लोग क्रिसमस पर्व की तैयारियों में जुटे हैं। वहीं बाजारों में भी क्रिसमस का उल्लास देखने को मिल रहा है। हर तरफ रंग. बिरंगे स्टार और क्रिसमस ट्री की चमक बिखरी हुई है।

——————————